

# भारतीय बल्लेबाजों-गेंदबाजों का धमाल

## ईशान किशन ने खेली 103 रन की पारी, अर्शदीप सिंह ने 51 रन देकर झटके 5 विकेट, भारत ने सीरीज 4-1 से जीती

**तिरुवनंतपुरम 31 जनवरी. तिरुवनंतपुरम में खेले गए पांचवें और आखिरी टी20 मैच में भारत ने 46 रन से बड़ी जीत दर्ज की. इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने टी20 सीरीज पर 4-1 से कब्जा किया.**

टीम इंडिया द्वारा पहले बनाए गए 271 रन के जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 225 रन पर पैवेलियन लौट गई. पांचवें टी20 मैच की जीत के हीरो ईशान किशन और अर्शदीप सिंह रहे. ईशान ने 43 गेंदों में 103 रन बनाए. वहीं अर्शदीप सिंह ने 51 रन देकर 5 विकेट चटकाए. उनके अलावा अक्षर पटेल ने 33 रन देकर 3 विकेट झटके. बल्लेबाजी में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी अच्छा योगदान देते हुए 30 गेंदों में 63 रन बनाए. हार्दिक पंड्या ने 17 गेंदों में 42 रन बनाए. न्यूजीलैंड की ओर से सिर्फ फिन एलेन अच्छी बैटिंग कर पाए. उन्होंने 38 गेंदों में 80 रन ठोके. उनके बल्ले से 6 छक्के और 8 चौके निकले, वहीं कीवी टीम के बल्लेबाज ईश सोढ़ी 15 गेंद पर 33 रन बनाए. हालांकि ये पारी टीम इंडिया को जीत से नहीं रोक सकी. ईशान किशन ने मैदान पर उतरते ही आक्रामक रुख अपनाया और न्यूज़ीलैंड के गेंदबाज़ों पर हमला बोल दिया। किशन ने सिर्फ 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और इसके बाद और तेज़ी से रन बनाए। उन्होंने 42 गेंदों में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। ईशान किशन ने 43 गेंदों में 103 रन की शानदार पारी खेली। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 30 गेंदों में 63 रन बनाए, मध्यक्रम में हार्दिक पांड्या ने सिर्फ 17 गेंदों में 42 रन बनाए.

> न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें टी20 मैच में ईशान किशन ने 42 गेंद में शतक जड़ा. वो अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट इतिहास में न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे तेज सेंचुरी लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने यह कारनामा तिरुवनंतपुरम में किया. उन्होंने अपनी तूफानी शतकीय पारी में 10 छक्के और 6 चौके लगाए. ईशान किशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट इतिहास में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया पांचवां सबसे तेज शतक है. सबसे तेज टी20 शतक लगाने वाले भारतीयों की सूची में उनसे आगे रोहित शर्मा (35 गेंद), अभिषेक शर्मा (37 गेंद), संजू सैमसन (40 गेंद) और तिलक वर्मा (41 गेंद) हैं.



| ईशान किशन | |
|---|---|
| रन | 103 |
| गेंद | 43 |
| चौके | 06 |
| छक्के | 10 |

| सूर्य कुमार | |
|---|---|
| रन | 63 |
| गेंद | 30 |
| चौके | 4 |
| छक्के | 6 |



# शाहबाज का कहर, बंगाल ने हरियाणा रौंदा

## शाहबाज अहमद ने मैच में कुल 11 विकेट झटके

- 294 के लक्ष्य के सामने हरियाणा 105 पर ढेर
- ग्रुप मुकाबले में बंगाल को मिली निर्णायक बढ़त

**रोहतक, 31 जनवरी.** रोहतक के चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप मुकाबले का तीसरा दिन पूरी तरह बंगाल के नाम रहा, जहां लेफ्ट आर्म स्पिनर शाहबाज अहमद की घातक गेंदबाजी ने हरियाणा की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया।

294 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम दूसरी पारी में महज 105 रन पर सिमट गई और बंगाल ने यह मुकाबला 188 रन के बड़े अंतर से अपने नाम कर लिया। शाहबाज ने दूसरी पारी में 38 रन देकर छह विकेट चटकाए, जबकि पहली पारी में भी पांच विकेट लेकर उन्होंने मैच में कुल 11 विकेट हासिल किए और 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने यह जीत बंगाल के लिए सिर्फ दो अंक या एक परिणाम नहीं, बल्कि ग्रुप तालिका में मजबूत स्थिति बनाने वाला प्रदर्शन है।

### दिल्ली को मिली बढ़त

वैभव कांडपाल (61) और आयुष डोसेजा की नाबाद 62 रन की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से दिल्ली ने मुंबई के खिलाफ एलीट ग्रुप डी मैच में चार विकेट पर 206 रन बनाकर 110 रन की बढ़त हासिल कर ली।

### मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को हराया

कुमार कार्तिकेय (6/33 और 4/49) की घातक गेंदबाजी से मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को शनिवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच में 133 रन से हरा दिया। मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र के सामने 267 रन का लक्ष्य रखा और उसकी पारी को 133 रन पर समेट दिया। महाराष्ट्र की तरफ से नीरज जोशी ने 42 और सी टी एल रक्षण ने 40 रन बनाये।मध्य प्रदेश की तरफ से कुमार कार्तिकेय और आर्यन पांडेय ने चार चार विकेट लिए। कुमार कार्तिकेय को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

### विदर्भ को 110 रन की जरुरत

विदर्भ को उत्तर प्रदेश के खिलाफ एलीट ग्रुप ए मैच में जीत के लिए 110 रन की जरूरत है जबकि उसके छह विकेट बाकी हैं। विदर्भ ने 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट पर 91 रन बना लिए हैं।



# पैट कमिंस टी-20 विश्व कप से बाहर

**सिडनी, 31 जनवरी** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ा झटका लगा है, जब स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। कमिंस अभी तक चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं और वह 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले इस ग्लोबल इवेंट में नहीं खेल पाएंगे। टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को भी मूल 15 सदस्यीय टीम से बाहर कर दिया गया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज़ बेन ड्वारशुइस और बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ को संशोधित टीम में शामिल किया गया है।

> डोडमाइड ने कहा, 'पैट को अपनी पीठ की चोट से उबरने के लिए और समय चाहिए, इसलिए बेन एक तैयार विकल्प हैं जो बाएं हाथ की तेज गेंदबाज़ी का विकल्प, मजबूत फील्डिंग और निचले क्रम में बल्लेबाज़ी की क्षमता प्रदान करते हैं।'

# रायबाकिना ने जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब

## विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से किया पराजित

**मेलबर्न, 31 जनवरी** एलेना रायबाकिना ने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को शनिवार को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का महिला एकल खिताब जीत लिया, जिससे उन्होंने 2023 में यहां चैंपियनशिप के फाइनल में मिली हार का बदला ले लिया।

रायबाकिना ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया और उनकी सर्विस मजबूत थी, जिसमें छह ऐस थे और - दूसरे सेट के आखिर और तीसरे सेट की शुरुआत में दो ब्रेक को छोड़कर - उन्होंने अपने सामने आए छह ब्रेकपॉइंट मौकों में से छह को बचाया। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, सबालेंका की चीखें और दहाड़ें तेज होती गईं और उनका जोश भरा 'चलो चलते हैं' खुद को प्रोत्साहित करना नियमित हो गया, रायबाकिना ने एक शांत, लगभग गंभीर, संयम बनाए रखा। आखिर में, उन्होंने अपनी सर्विस और अपने रिटर्न को बात करने दिया। मैच के बाद दोनों ने नेट पर एक-दूसरे को गले लगाया। रायबाकिना ने अपने बाएं हाथ से अपने रैकेट की स्ट्रिंग्स पर ताली बजाई और जीत के साथ भीड़ की ओर अपना हाथ ऊपर उठाया।

> चार साल पहले उन्होंने पहला सेट जीता था लेकिन फाइनल तीन सेट में हार गई थीं। इस बार, पहले गेम में ब्रेक लेने और पहला सेट जीतने के बाद, उन्होंने दूसरा सेट हारने और तीसरे सेट में 3-0 से पिछड़ने के बाद वापसी की। उन्होंने लगातार पांच गेम जीते और फिर अपने पहले चैंपियनशिप पॉइंट पर एक ऐस के साथ मैच खत्म किया। यह पांचवीं सीड रायबाकिना का दूसरा बड़ा खिताब था, जिन्होंने 2022 में विंबलडन जीता था और चार साल पहले उस ऑस्ट्रेलियन फाइनल में मुकाबले में एकमात्र मेजर विजेता के तौर पर पहुंची थीं। जबकि सबालेंका ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार जीत और 2024 और 25 में यूएस ओपन में जीत सहित तीन और मेजर खिताब जीते, रायबाकिना के नतीजे खराब हो गए और वह इस टूर्नामेंट तक किसी और मेजर फाइनल में नहीं पहुंचीं। पिछले नवंबर में सीजन के आखिर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सबालेंका पर जीत ने उनके करियर की दिशा बदल दी है।



### पुरुष फाइनल में आज पीढ़ियों की टक्कर, लगेगा इतिहास दांव पर

**मेलबर्न, 31 जनवरी** मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में रविवार शाम होने वाला ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल सिर्फ एक खिताबी मुकाबला नहीं, बल्कि दो पीढ़ियों के टेनिस दर्शन की सीधी भिड़ंत है। एक ओर 22 वर्षीय स्पेनिश सनसनी कार्लोस अल्काराज हैं, जो अपने करियर का पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का सपना देख रहे हैं। दूसरी तरफ 38 वर्षीय नोवाक जोकोविच खड़े हैं, जिनकी नजर रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब और टूर्नामेंट इतिहास के सबसे उम्रदराज़ चैंपियन बनने पर टिकी है। दोनों खिलाड़ी अलग-अलग पड़ावों पर हैं, लेकिन लक्ष्य एक—इतिहास में अपना नाम और गहरा दर्ज कराना। अल्काराज जहां युवा ऊर्जा, आक्रामक बेसलाइन गेम और फर्स्ट-स्ट्राइक टेनिस के प्रतीक बन चुके हैं, वहीं जोकोविच अनुभव, मानसिक मजबूती और रिटर्न गेम के बेजोड़ उस्ताद माने जाते हैं। यही विरोधाभास इस फाइनल को असाधारण बनाता है। फाइनल तक का सफर दोनों के लिए थकाऊ रहा है। अल्काराज ने सेमीफाइनल में पिछले साल के फाइनलिस्ट अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ टूर्नामेंट इतिहास का सबसे लंबा सेमीफाइनल खेलते हुए पांच घंटे 27 मिनट में जीत दर्ज की। मैच के बाद उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने शरीर को उसकी सीमा तक धकेल दिया। दूसरी ओर, जोकोविच ने दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन जानिक सिनर को चार घंटे नौ मिनट के क्लासिक मुकाबले में हराया। जोकोविच ने इसे पिछले एक दशक के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में गिना। अब सवाल फिटनेस का है। लंबे मुकाबलों के बाद रिकवरी किसकी बेहतर होगी? जोकोविच ने खुद माना कि जैविक रूप से अल्काराज के लिए रिकवर करना आसान हो सकता है। लेकिन सर्बियाई दिग्गज की फिटनेस और रिकवरी क्षमता को कम आंकना हमेशा जोखिम भरा रहा है। अल्काराज ने भी हालिया मुकाबले के बाद कहा था कि 38 की उम्र में जोकोविच का 25 साल जैसा फिट दिखना बेहद प्रभावशाली है।

## एक नजर में



### आयरलैंड ने यूएई को हरा सीरीज जीती

**दुबई.** कर्टिस कैमफर (नाबाद 54) के शानदार अर्धशतक और गेंदबाजों की सटीक गेंदबाजी से आयरलैंड ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को दूसरे टी 20 मुकाबले में शनिवार को 30 रन से हरा कर दो मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली। आयरलैंड ने सात विकेट पर 170 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाने के बाद यूएई को आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। कर्टिस कैमफर को 41 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनी नाबाद 54 रन की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मार्क ऐडेर ने आयरलैंड की पारी में तीन छक्कों की मदद से नाबाद 34 रन का योगदान दिया। कर्टिस कैमफ़र और मार्क ऐडेर ने आठवें विकेट के लिए 69 रन की मैच विजयी अविजित साझेदारी की।



### सैम करन की हैट्रिक से इंग्लैंड जीता

**पल्लेकेले.** इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन अपने देश के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने टी 20 हैट्रिक ली है। इंग्लैंड ने शुक्रवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन (डीएलएस मेथड) से हराया। करन ने श्रीलंका के निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया, उन्होंने लगातार गेंदों पर दासुन शनाका, महेश थीक्षाना और मथीशा पथिराना को आउट किया। इस तरह क्रिस जॉर्डन के टी20 इंटरनेशनल में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद करन ऐसा करने वाले इंग्लैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। करन का यह परफॉर्मेंस 7 फरवरी से शुरू होने वाले पुरुष टी20 वर्ल्ड कप से ठीक एक हफ़्ते पहले आया है, और इससे इंग्लैंड को अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने में सही समय पर मदद मिली है। मैच के बाद करन ने इंग्लैंड क्रिकेट से कहा, 'यह कहना बहुत अच्छा है कि मैंने हैट्रिक ली है, लेकिन पहले कुछ ओवरों में थोड़ी मुश्किलों के बाद पर्सनली यह एक अजीब रात थी!टी 20 में बहुत उतार-चढ़ाव आते रहते हैं।

### तब मैं विराट कोहली के पैर छूऊंगा : विशाल निषाद

# पूर्व भारतीय कप्तान को आउट करना मेरा लक्ष्य



**उदयपुर, 31 जनवरी** पंजाब किंग्स इ्ड्ढ के डेब्यू करने वाले स्पिनर विशाल निषाद, जो विराट कोहली को अपनी क्रिकेट यात्रा के पीछे प्रेरणा मानते हैं, ने कहा कि जब भी उन्हें पूर्व भारतीय कप्तान से मिलने का मौका मिलेगा, तो वह उनके पैर छूएंगे।

> उदयपुर में टीम के प्री-सीजन कैंप के दौरान, 20 साल के इस खिलाड़ी ने बताया कि अगर वह कभी पूर्व भारतीय कप्तान को आउट करने में कामयाब होते हैं तो वह कैसे जश्न मनाएंगे। निषाद ने कहा, 'मैं उनके पैर छूऊंगा क्योंकि वह मेरे आदर्श हैं,' अपनी विनम्रता और सम्मान के मिश्रण से उन्होंने टीम के साथियों और फैंस को हैरान कर दिया। बचपन से ही कोहली के फैन रहे निषाद अपनी क्रिकेट यात्रा के पीछे पूर्व भारतीय कप्तान के रवैये और जुनून को प्रेरणा मानते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं उनके रवैये और उनके जुनून से प्रेरित हूं; वह मेरे पसंदीदा हैं।' निषाद की क्रिकेट यात्रा भी उतनी ही दिलचस्प है। युवा गेंदबाज का अपने आदर्श का सम्मान करने का फैसला देश भर के क्रिकेट प्रेमियों के दिलों को छू गया है।

# सेंथिल कुमार ने बनाया नया नेशनल रिकॉर्ड



800मी शॉर्ट ट्रैक इनडोर इवेंट में 1:48.09 सेकंड का समय निकाला

**फेएटविले (अमेरिका), 31 जनवरी** भारत के प्रदीप सेंथिलकुमार ने शनिवार को अर्कांसस के फेएटविले में रेज़रबैक इनविटेशनल 2026 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों के 800मी शॉर्ट ट्रैक इनडोर इवेंट में नेशनल रिकॉर्ड तोड़ दिया।

ओलंपिक्स डॉट कॉम के अनुसार, 22 साल के इस एथलीट ने 1:48.09 सेकंड का समय निकालकर कुल मिलाकर सातवां स्थान हासिल किया, जो उन्होंने पिछले साल फरवरी में इसी जगह, रैंडल टायसन इनडोर ट्रैक पर बनाए गए 1:48.60 सेकंड के अपने पिछले नेशनल रिकॉर्ड से बेहतर था। सेंथिलकुमार एक कॉम्पिटिटिव फील्ड में हीट 3 में दूसरे स्थान पर रहे। जेम्स हार्डिंग ने 1:46.83 के समय के साथ रेस जीती, उनके बाद इलियट कुक (1:46.94) और मैथ्यू एरिक्सन (1:47.26) रहे।

### पिछले साल कोलंबिया में बनाया था रिकार्ड

यह तीसरा मौका था जब सेंथिलकुमार ने पुरुषों के 800द्व इनडोर इवेंट में इंडियन नेशनल रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने सबसे पहले पिछले साल कोलंबिया, मिसौरी में 1:48.73 का समय लेकर यह रिकॉर्ड बनाया था और राजीव रामेसन के 2008 में बनाए गए 1:49.46 के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया था।

### प्रो रेसलिंग 2026 — लीग चरण में चार जीत और आठ अंक के साथ शीर्ष पर

# हरियाणा थंडर्स ने शानदार अंदाज में फाइनल में जगह बनाई

**नोएडा, 31 जनवरी पहले सेमीफाइनल में हरियाणा थंडर्स ने संयमित और जुझारू प्रदर्शन करते हुए पंजाब रॉयल्स को 5-4 से हराया और प्रो रेसलिंग लीग 2026 के फाइनल में अपनी जगह पक्की की।**

शुक्रवार रात नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में, लीग चरण को चार जीत और आठ अंकों के साथ शीर्ष पर खत्म करने वाली हरियाणा ने शुरुआती दबाव झेलने के बाद दूसरे हाफ में मुकाबले की दिशा निर्णायक रूप से पलट दी-जिससे सीजन की सबसे निरंतर टीम होने का दावा और मजबूत हुआ। लीग चरण में चौथे स्थान पर रही पंजाब रॉयल्स ने नौ बाउट्स के इस रोमांचक मुकाबले में हरियाणा को अंत तक कड़ी चुनौती दी।

परविंदर को उनकी अहम वापसी जीत के लिए इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिसने पंजाब की लय को तोड़ा। 76 किग्रा महिला बाउट में शानदार जीत के लिए फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रिया मलिक को मिला। वहीं 62 किग्रा मुकाबले में निर्णायक फॉल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान इरीना कोलियादेंको को दिया गया, जिसने हरियाणा के फाइनल में प्रवेश की नींव रखी। 57 किग्रा पुरुष वर्ग में पंजाब ने पहले बढ़त बनाई, जहां चिराग छिक्कारा ने रोहित के खिलाफ शुरुआती एक्सचेंज पर नियंत्रण रखा। पीरियड 1 में निर्णायक टेकडाउन से चिराग आगे रहे और बाद में रोहित के पैसिविटी प्वाइंट के बावजूद 2-1 की करीबी जीत दर्ज की। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में हरियाणा ने तुरंत जवाब दिया-परविंदर ने चंदरमोहन के खिलाफ दूसरे पीरियड में जोरदार वापसी की।

एक्टिविटी प्वाइंट और पुश-आउट्स से पीछे रहने के बाद, परविंदर ने निर्णायक टेकडाउन और पावर मिनट में लेट पुश-आउट के साथ 8-8 की बराबरी के बाद आखिरी अंक के आधार पर बाउट अपने नाम की। हेवीवेट मुकाबले में पंजाब ने फिर बढ़त ली, जहां कप्तान दिनेश धनखड़ ने अनिरुद्ध गुलिया को 8-6 से हराया।



> मैच का टर्निंग पॉइंट 62 किग्रा महिला वर्ग में आया। पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता इरीना कोलियादेंको ने एना गोडिनेज के शुरुआती दबाव को झेलने के बाद टेकडाउन से टर्न में सहज संक्रमण करते हुए फॉल मजबूर किया। इससे टीम स्कोर 3-3 हो गया और लय पूरी तरह हरियाणा के पक्ष में चली गई। 57 किग्रा महिला मुकाबले में नेहा सांगवान ने राजनिता जांगड़ा को 9-2 से मात देकर हरियाणा को बढ़त दिलाई। पहले पीरियड में पुश-आउट्स और एक्टिविटी कॉल्स से नियंत्रण बनाने के बाद, नेहा ने पावर मिनट में चार अंकों का निर्णायक टेकडाउन लगाया और स्कोर 4-3 कर दिया।

### युवी की पत्नी के वीडियो से मचा बवाल

**नई दिल्ली 31 जनवरी.** टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह की पत्नी हेजल कीच का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में युवी की वाइफ को कहते हुए सुना जा सकता है कि बहुत हो गया, अब युवी की छुट्टी... इस वीडियो के सामने आते ही मानिए बवाल सा मच गया. लोगों ने तरह-तरह के अनुमान लगाने शुरू कर दिए. बीते कुछ वक्त में देखा गया है कि भारतीय क्रिकेटर लंबे वक्त तक साथ रहने के बाद अपनी पत्नी से अलग हो जाते हैं. उदाहरण के लिए हार्दिक पांड्या, युजवेंद्र चहल और शिखर धवन जैसे कुछ क्रिकेटर मौजूद हैं. अब युवी की वाइफ का वीडियो देखकर लोगों के मन में भी सवाल खड़ा होने लगा कि क्या दोनों का तलाक हो रहा है ?तो आपको बता दें कि हेजल कीच ने इंस्टा स्टोरी पर एक वीडियो शेयर करते हुए कहा, मेरा युवी के साथ हो गया. हर जगह पीछे-पीछे होते हैं.